## एक नजर में

### मुनि श्री ने किया नगर की प्राचीनतम लाइब्रेरी का अवलोकन



**सनावद, निप्र।** नगर की तकरीबन सौ साल पुरानी प्राचीनतम लाइब्रेरी का जैन संत मुनि श्री अक्षय सागर जी महाराज ने अवलोकन किया। सन्मतिं जैन काका ने बताया की दुर्लभ एवं प्राचीनतम ग्रंथों को पढ़ने में विशेष रुचि रखने वाले जैन संत मुनि श्री अक्षय सागर महामुनिराज ने प्रिंस यशवंत शारदा लाइब्रेरी पहुंच कर संपूर्ण लाइब्रेरी का अवलोकन किया एवं भवन के इंचार्ज राजेन्द्र कुमार शर्मा से लाइब्रेरी के इतिहास को जाना एवं भवन में सहेज कर रखे प्राचीनतम एवं दुर्लभ ग्रंथों एवं किताबों एवं पत्रिकाओं का अवलोकन किया एवं जानकारी ली। मुनि श्री ने कहा की तकरीबन सौ साल पुराने भवन एवं भवन के अंदर रखी इतनी पुरानी पत्रिकाओं किताबों एवं शास्त्रों को सहेजना बहुत ही दुर्लभ एवं प्रशंसनीय है। यह भवन भविष्य में और निरंतर गति करें एवं नगर में सभी प्रबुद्धजन इस वाचनालय को संवारने में अपनी भूमिका निभाए। इस अवसर पर डॉ यतीश जैन, अचिंत्य जैन, कमलेश भूच, राजेंद्र शर्मा, भेरूलाल व्यास उपस्थित थे।

### वी . मोहन, B II, एनटीपीसी खरगोन की जिला कलेक्टर से शिष्टाचार भेंट की



**खरगोन, निप्र।** एनटीपीसी खरगोन के व्यवसाय इकाई प्रमुख, वी. मोहन ने भाव्या मित्तल, जिला कलेक्टर, खरगोन से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर एनटीपीसी खरगोन एवं जिला प्रशासन के बीच आपसी सहयोग, विकासात्मक गतिविधियों तथा सामाजिक कल्याण से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई। पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के प्रतीक स्वरूप श्री वी . मोहन ने माननीय जिला कलेक्टर को प्रतीकात्मक पौधा भेंट किया। यह भेंट एनटीपीसी खरगोन द्वारा हरित पहल को बढ़ावा देने तथा स्थानीय प्रशासन के साथ सुदृढ़ समन्वय स्थापित करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।

### नासिक के युवक की सड़क हादसे में मौत, दो दिन बाद पहुंचे परिजन

**खरगोन, निप्र।** जिले के खलटांका पुलिस चौकी क्षेत्र के मुंबई- आगरा हाईवे स्थित मराल घाटी पर दो दिन पहले सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। दो दिन बाद परिजन कसरावद अस्पताल पहुंचे, जहां से शव उन्हें सौंपा गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार परिजनों ने मृतक की शिनाख्त जेब से मिले आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस के आधार पर अशोक पिता लक्ष्मण गायकवाड़, निवासी कवठेकर वाड़ी, पथरडी शिवार, नाशिक (महाराष्ट्र) के रूप में हुई। इसके बाद पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने कसरावद अस्पताल से मृतक का शव पीएम के बाद सौंपा। परिजनों ने बताया मृतक 31 दिसंबर से दोस्तों के साथ घर से निकला था। 1 जनवरी तक दोस्तों से बात होती रही, लेकिन इसके बाद दोस्तों ने कह दिया कि मृतक अशोक उनके साथ नही है। पुलिस से हादसे की सूचना के बाद अस्पताल पहुंचे।



### भाजपा जिला कार्यकारणी का नपाध्यक्ष ने किया भव्य स्वागत



**खरगोन, निप्र।** भाजपा जिला अध्यक्ष नंदा ब्रह्मणे एवं नवीन कार्यकारणी का एक साथ प्रथम नगर आगमन पर नपाध्यक्ष राकेश गुप्ता ने भव्य स्वागत किया गया। गुरुवार को बड़वाह नगर में भाजपा जिला कार्यकारणी के महामंत्री, मंत्री, उपाध्यक्ष एवं पूरी टीम का नपाध्यक्ष ने शाल- श्रीफल एवं पुष्पवर्षा से भव्य स्वागत किया। इसके बाद भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष अंकित गुप्ता व पार्षदों ने जिलाध्यक्ष का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। जिलाध्यक्ष नंदा ब्रह्मणे ने नगर पालिका अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उन्हें अपनी जिम्मेदारियों का एहसास कराता है, हम यह सम्मान को कभी भुलेगे नही। नपाध्यक्ष ने कहा कि पार्टी ने जब भी मुझे जो दायित्व दिया है उसका मैंने पूरी ईमानदारी से निर्वाह किया है, अभी वर्तमान में जिलाध्यक्ष व मेरी टीम को पार्टी का जो आदेश होगा टीम सक्रियता से पालन करेगी। इस अवसर पर जिला महामंत्री विवेक भटोरे, महामंत्री हरेसिंह चावड़ा, उपाध्यक्ष जितेन्द्र सुराणा, उपाध्यक्ष प्रभात पंडित, उपाध्यक्ष डॉ .शम्भु सिंह मनहर, उपाध्यक्ष प्रभा राठौड़, उपाध्यक्ष शालिनी रतोरिया, कोषाध्यक्ष डॉ .भीमसिंह जाधव, मंत्री अनिता महेश्वरी, आईटी सेल संयोजक शुभम जायसवाल, मन की बात कार्यक्रम प्रभारी दीपक ठाकुर सहित कार्यकारणी सदस्य मोजूद थे। इस अवसर पर नपा चुनाव में निष्कासित पार्षदों व कार्यकर्ता भी कार्यक्रम में शामिल हुए थे। उन्होंने आवेदन देकर वापस पार्टी में शामिल करने की मांग की है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि यह आवेदन को प्रदेश में प्रेषित किया जाएगा, जल्द सभी कार्यकर्ताओ को जिला कार्यालय में आमंत्रित करके भव्य स्वागत करके सभी को वापस लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी बहुत बड़ी है, इसलिए कभी कोई नाराज होकर पार्टी के विपरीत नही जाना चाहिए। नपाध्यक्ष ने कहा कि जिलाध्यक्ष जी ने प्रदेश से मार्गदर्शन लिया है, जल्द सभी को वापस भाजपा परिवार में शामिल किया जाएगा। इस दौरान भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष अंकित गुप्ता, महामंत्री महेंद्र अमई, पार्षद रजनी भंडारी, पार्षद रूप सिंह रावत, पार्षद रोहित चोरसिया, पार्षद विजयलक्ष्मी कृष्णपाल सिंह तोमर, पार्षद सोनल विजय महाजन, पार्षद मुमताज साबिर, ऐश्वर्य उमड़ेकर, निशांत सोनी, मिक्की चौहान, अधिष सोनी, सुरेश वाघे, लाखन गडगोती, निर्मल दांगी, मनीष शर्मा, विशाल कुमरावत सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मोजूद थे।

# धनवर्षा की लालच में किया था 6 वर्षीय बालक का अपहरण

## तांत्रिक क्रियाओं के लिए अपहरण हुए 6 वर्षीय बालक का किया रेस्क्यू

नवभारत न्यूज़

**खरगोन, निप्र।** जिले के सनावद से 10 दिसंबर को अपहृत किए गए 6 वर्षीय बालक को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। इस बच्चे का अपहरण धनवर्षा के लिए काले जादू के नाम पर नरबलि देने के लिए किया गया था। अंधविश्वास से जुड़े इस मामले में पुलिस ने सतर्कता दिखाते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर बच्चे को नया जीवन दिया है। शुक्रवार को मामले का खुलासा करते हुए एसपी रविंद्र वर्मा ने बताया कि 10 दिसंबर को थाना सनावद क्षेत्र के 02 अज्ञात व्यक्ति नवोदय विद्यालय रोड़ पर ग्राम खंगवाड़ा फाटे के पास से एक 06 वर्षीय बालक का घर के बाहर खेलते समय क्रिकेट बेट-गेंद दिलाने का लालच देकर बाईक पर बैठाकर अपहृत कर ले गए थे। इसकी सूचना पर पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल आरोपियों की तलाश शुरु की। आरोपियों को पकडऩा जितना चुनौती भरा था, उतना ही बच्चे के सकुशल होने को लेकर भी पुलिस चिंतित थी। संभावित रास्तों के 100 से अधिक सीसीटीव्ही फुटेज खंगाले गए व शैडो जंगल एरिया एवं बैक वाटर एरिया में लगातार सघन चेकिंग की गई। अथक प्रयासों के चलते 31 दिसंबर को बच्चे का सुराग लगा। गठित पुलिस टीम ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर संदिग्ध ग्राम अटूटखास के शुभम उर्फ लव यादव पर निगरानी रखी। संदिग्ध शुभम उर्फ लव यादव, वह तंत्र बाधा को दूर करने वाले किसी बाबा के संपर्क में था, जो पुनासा में किराये का कमरा लेकर छुप कर रह रहा है।

**पुनासा में तांत्रिक के कब्जे से बरामद किया बालक:-** पुनासा में बाबा के किराये के कमरे के आसपास रेकी कि गई। जहां से पुलिस ने अपहृत बच्चे को सकुशल दस्तयाव करने के बाद बाबा सुरेन्द्र को भी गिरफ्तार किया। इसके बाद अन्य आरोपी शुभम उर्फ लव यादव व रामपाल नरवरे को भी गिरफ्तार किया है।

**इन्हें किया गिरफ्तार:-** लव उर्फ शुभम यादव पिता प्रदीप यादव निवासी ग्राम अटूट खास थाना धनगांव जिला खंडवा, अंकित उर्फ सुरेंद्र उर्फ पिंटू बघेल पिता जीवन बघेल निवासी ग्राम बीजापुर थाना मूंदी, रामपाल नरवरे पिता मानसिंह निवासी डोंगरगांव थाना धनगांव जिला खंडवा, धनसिंह बडोले पिता हबू निवासी अंजरूद को गिरफ्तार किया है।





### बच्चे के अपहरण का कारण

गिरफ्तार आरोपी बाबा सुरेन्द्र उर्फ पिंटू उर्फ अंकित पिछले 06 माह से अपने घर को छोड़ चुका था। वह खुद को तंत्र कियाओ में सिद्धि प्राप्त बाबा समझ चुका था, उसने रामपाल को बताया था कि वह तंत्र विद्या से धनवर्षा करवा सकता है एवं कही भी गड़े हुए सोने का पता लगा सकता है। रामपाल एवं शुभम उर्फ लव यादव एक दूसरे को पहले से जानते पहचानते थे। दोनो सुरेंद्र की बातों में आ गए और ग्राम लाल तलाई के रहने वाले धनसिंह बड़ोले से संपर्क किया तो धनसिंह ने सनावद के ग्राम खंगवाड़ा के नाबालिक बच्चे को अपहरण करने की योजना बनाई। इसके बाद शुभम उर्फ लव यादव, सुरेन्द्र उर्फ पिंटू उर्फ अंकित बाबा ने 10 दिसंबर को बच्चे का उसके घर के बाहर से अपहरण कर लिया। पुनासा के किराये के कमरे में रखकर लगातार 22 दिनों तक नग्न कर उस पर सिंदूर लगाकर नींबू की माला पहनाई जाती थी व काला कपड़ा ओढाया जाता था। यह केस दिखाता है कि अंधविश्वास कितना खतरनाक हो सकता है।

## उद्वहन परियोजना का लाभ बेड़िया क्षेत्र के 40 ग्रामों को मिलेगा

**सनावद, निप्र।** विधायक सचिन बिरला ने शुक्रवार को एनवीडीए के अधिकारियों और दाभड़, जुलवानिया क्षेत्र के कृषकों के साथ परियोजना के कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कृषकों ने बताया कि परियोजना का कार्य ग्राम दाभड़ तक पूर्ण हो चुका है और दाभड़ स्थित टैंक तक जल पहुंच भी गया है। लेकिन ग्राम दाभड़ के आगे आदिवासी ग्राम सेल्दा, आरसी, लाछोरा और जामनिया तथा जुलवानिया क्षेत्र के नवलपुरा फलिया, लाइन फलिया, नजरिया फलिया और सिसोदिया फलिया के कई खेत सिंचाई जल से वंचित रह गए हैं। किसानों ने बताया कि क्षेत्र के आदिवासी ग्राम दाभड़, सेल्दा, नलवट, लाछोरा, जामनिया और आरसी की लगभग 500 एकड़ और जुलवानिया क्षेत्र के आदिवासी फलिये नवलपुरा फलिया, लाइन फलिया, नजरिया फलिया, सिसोदिया फलिया की लगभग 500 एकड़ भूमि को परियोजना का लाभ नहीं मिल पाया है। निरीक्षण के दौरान विधायक ने पाया कि परियोजना में इस्तेमाल किए गए पाइप और वाल्व गुणवत्ताविहीन हैं। इस कारण जब भी पानी छोड़ा जाता है तो जलप्रवाह के दबाव के कारण पाइप फट जाते हैं और वाल्व भी लीकेज होने लगते हैं। इस कारण परियोजना का जल निर्धारित स्थलों तक नहीं पहुंच पा रहा है। किसानों ने बताया कि पेटी नंबर 250 से लेकर 258 तक भी जल नहीं मिल पा रहा है।



ग्राम दाभड़ और आरसी फलिया तक डाले गए डीआई पाइप भी अत्यंत कमजोर हैं। इसके अलावा पाइप डालते समय लेवल का भी ध्यान नहीं रखा गया है। बड़े पैमाने पर तकनीकी खामियों और घटिया पाइप के कारण नीयत स्थल तक जल ही नहीं पहुंच पा रहा है और किसान परियोजना के लाभ से वंचित हैं। किसानों ने गुणवत्ताविहीन कार्यों पर रोष व्यक्त किया और जांच की मांग की। विधायक ने कहा कि परियोजना का जल दाभड़ के 6,आरसी के 2 निस्तार तालाबों तथा जुलवानिया की तलाई तक पहुंचाया जाएगा। विधायक ने किसानों को आश्वस्त किया कि अंबा-रोड़िया उद्वहन परियोजना से जुड़ी सभी समस्याओं से मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव को जल्दी ही अवगत करवाएंगे और गुणवत्ताविहीन कार्य की जांच करवाई जाएगी। विधायक ने कहा कि परियोजना के विस्तार की मांग भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखेंगे ताकि आदिवासी क्षेत्र का कोई भी ग्राम सिंचाई जल से वंचित नहीं रहे। निरीक्षण के दौरान एनवीडीए के कार्यपालन यंत्री सीबी टटवाल, भाजपा नेता गोविंद बिरला, अधिकारी और बड़ी संख्या में क्षेत्र के कृषक मौजूद थे।

## श्री नवग्रह मेला परिसर में भूमि आवंटन प्रक्रिया प्रारंभ

**खरगोन, निप्र।** नगर पालिका परिषद खरगोन द्वारा वर्ष 2025-26 श्री नवग्रह मेले का आयोजन करने के लिए 01 जनवरी 2026 से भूमि का सीमांकन कर भूखंड आवंटन के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र प्रस्तुत किए जाने के साथ ही मौका स्थल पर भूमि आवंटन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी सुश्री कमला कौल द्वारा बताया गया कि 10 जनवरी 2026 तक निर्धारित प्रक्रिया अनुसार पुराने व्यापारियों को भूमि आवंटित की जाएगी। तत्पश्चात नए व्यापारियों को शेष भूमि का आवंटन किया जाएगा। साथ ही समस्त मेला व्यापारियों से चर्चा कर नियत तिथि तक नियमानुसार भूमि का आवंटन प्राप्त कर अपना-अपना व्यवसाय प्रारंभ करने को कहा गया है। बाद अवधि अन्य व्यापारियों को भूमि का आवंटन कर दिया जाएगा। इस दौरान नगरपालिका उपाध्यक्ष श्री भोलू कर्मा, मेला समिति सभापति प्रतिनिधि श्री दिनेश पाटीदार, मेला व्यापारी संघ अध्यक्ष श्री गणेश वर्मा, पार्षदगण सहित नपा के पदाधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



## शहर आए बिहार के उद्योग मंत्री का किया स्वागत

**बड़वाह, निप्र।** बिहार के उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल गुरुवार को ओम्कारेश्वर दर्शन के लिए आए। इस दौरान उनका अखिल भारतीय सर्ववर्गीय जायसवाल महासभा द्वारा स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में कार्यक्रम आयोजित कर स्वागत किया गया। समाजजनों के साथ ही बड़ी संख्या में भाजपा नेताओं ने भी कार्यक्रम में शामिल होकर जायसवाल का स्वागत किया। इस दौरान मंत्री जायसवाल ने बिहार में सरकार बनाने एवं वहां की कई योजनाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे यहां महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पहले 10 हजार फिर 2 लाख रुपए तक कि राशि दी जाती हैं। भाजपा का लक्ष्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। भाजपा का मिशन पूरे देश मे यहीं है कि हमारे समाज, परिवार की महिलाओं स्वावलंबी बने। इस दौरान कार्यक्रम को भाजपा जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र सुराणा, नपा उपाध्यक्ष राजेश जायसवाल ने भी संबोधित करते हुए प्रदेश भाजपा की कार्यशैली एवं योजनाओं को लेकर जानकारी दी। कार्यक्रम समापन पर समाजजनों द्वारा जायसवाल को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में मीसाबंदी रामकिशन जायसवाल, नगर मंडल अध्यक्ष अंकित गुप्ता, महेंद्र सिंह अमई, श्याम शर्मा, मिडडू भाटिया, रमेश राठौर, परसराम मालवीय, , मुरली जायसवाल, रामेश्वर जायसवाल, सुरेंद्र जायसवाल, मोहन जायसवाल, नरेंद्र जायसवाल, संदीप जायसवाल, समीर माहुले, यूनिक सुराणा, विजय मालवीय मौजूद थे।



## बैग फैक्ट्री कर्मचारियों ने कलेक्टर से समस्या के समाधान की मांग की

**बड़वाह, निप्र।** नए साल में तालाबंदी से रोजी रोजगार गंवाने वाले बैग फैक्ट्री फ्लेक्सी फ्यूजन प्रा लि के 250 कर्मचारी संकट में है। उनके आंदोलन के तीसरे दिन शुक्रवार दोपहर को अपनी मांगों के लिए संघर्षरत महिला एवं पुरुष कर्मचारी जिला कलेक्टर महोदय से रोजी रोजगार को बचाने, अपना तीन माह का रुका वेतन, चालीस महीने का बकाया पी.एफ. और श्रम कानून अनुसार अन्य वित्तीय हक दिलाने की मांग लेकर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण शर्मा के नेतृत्व में एस.डी.एम कार्यालय पहुंचे। उन्होंने अपना ज्ञापन और मांग पत्र एस.डी. एम. सत्यनारायण दर्रा को सौंपकर जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से हस्तक्षेप कर समस्या के समाधान की मांग की, जिले के श्रम विभाग द्वारा कर्मचारियों के सहयोग और हक अधिकार के संरक्षण की मांग की। फैक्ट्री कर्मचारियों के दल में शामिल जितेंद्र खांडे, पंकज पाटीदार, दीपक चौहान, प्रवीण करोल, मोहन सीटोले, जितेंद्र ताम्रकार, दीपक यादव आदि ने प्रशासन से पंद्रह दिवस में समाधान का आग्रह किया। उल्लेखनीय है कि ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण शर्मा एवं अन्य कांग्रेस जन इस बेग फैक्ट्री के ढाई सौ कर्मचारियों के परिवारों के समक्ष आई रोजी रोजगार समस्या के समाधान के लिए कर्मचारियों के संघर्ष में उनका साथ दे रहे है। उन्होंने कर्मचारियों और मीडिया के समक्ष स्पष्ट कहा कि इस संघर्ष में सहयोग करने में कांग्रेस का राजनीतिक उद्देश्य नहीं है। इसमें राजनीति नहीं बल्कि हम सकारात्मक विपक्ष की भूमिका से क्षेत्र के उद्योग धंधे, रोजी रोजगार को बचाने की अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए क्षेत्र की एक औद्योगिक इकाई को और युवा कर्मचारियों के भविष्य को बचाने उन्हें उनका हक दिलाने का प्रयास कर रहे है। शुक्रवार को जिला कांग्रेस सेवादल के उपाध्यक्ष संतोष मालवीय, पार्षद अनिल कानूनगो, युवा कांग्रेस नगर अध्यक्ष जितेंद्र यादव, बेड़ियां के ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राकेश बर्मन भी उपस्थित थे।



## चायनीज मांजे के क्रय विक्रय पर लगाया प्रतिबंध

**खरगोन, निप्र।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री भव्या मित्तल ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत सम्पूर्ण खरगोन जिले में चायनीज मांजे के क्रय विक्रय पर प्रतिबंध लगा दिया है। 14 एवं 15 जनवरी 2026 को मकर सक्रांति का पर्व जिले में मनाया जाएगा। इस अवसर पर बच्चों एवं अन्य व्यक्तियों द्वारा पतंगबाजी की जाती है। चाइनीज मांजे के उपयोग से पक्षियों के घायल होने एवं मौत की घटना होती है। चायनीज मांजे से सड़क पर चलने वाले व्यक्तियों के भी घायल होने एवं मृत्यु की आशंका रहती है। इस संबंध में दिये गए आदेश में कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थान, मार्ग मकान की छत पर पतंग उड़ाने के दौरान चीनी मांजे का उपयोग नहीं करेगा। जिले के समस्त थोक व्यापारी एवं विक्रेता चाइनीज मांजे का विक्रय नहीं करेंगे। पतंग उड़ाने पर उपयोग किए जाने वाले प्लास्टिक सिंथेटिक मटेरियल से निर्मित चाइनीज नायलॉन मांजे से पक्षी एवं मानव पर होने वाले दुष्प्रभाव को देखते हुए इसका उपयोग प्रतिबंधित किया गया है। मकर संक्रांति पर्व पर पतंग बाजी के लिए इस तरह की डोर का क्रय विक्रय एवं निर्माण किया जाए जिससे किसी भी व्यक्ति, पशु व पक्षियों को किसी भी प्रकार की शारीरिक क्षति न हो।

**एक नजर में** — मुख्यमंत्री ने खंडवा में राजराजेश्वरी मंदिर में की पूजा अर्चना

# माँ नर्मदा की कृपा से प्रदेश लगातार हो रहा है समृद्ध : मुख्यमंत्री डॉ . यादव

नवभारत न्यूज़

**खरगोन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नववर्ष की शुरुआत मां नर्मदा दर्शन और भगवान राजराजेश्वर के दर्शन- पूजन कर की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अपने पुत्र डॉ. अभिमन्यु यादव और बहू डॉ. इशिता यादव की नर्मदा परिक्रमा यात्रा के समापन अवसर पर खंडवा जिले के मोरटक्का स्थित खेड़ीघाट पहुंचें थे। यहां राज राजेश्वर मन्दिर में दर्शन-, पूजन के बाद कन्या पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित नागरिकों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री के आगमन पर जिलाध्यक्ष श्रीमती नन्दा ब्राह्मणे भी जिला कार्यकारिणी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ मुख्यमंत्री के स्वागत के लिये पहुंची थी। हालांकि यह पारिवारिक कार्यक्रम होने से महज परिवार, न्यास एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पूजन के बाद कार्यकर्ताओं के बीच कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश और प्रदेश का तेजी से विकास हो रहा है। मध्यप्रदेश में कृषि विकास की दर लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार इस वर्ष को 'किसान कल्याण वर्ष' के रूप में मना रही है। उन्होंने कहा कि नर्मदा नदी मध्यप्रदेश की जीवन रेखा है। मां नर्मदा की कृपा से हमारा प्रदेश लगातार समृद्ध हो रहा है और यहां का कृषि उत्पादन भी लगातार बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मोरटक्का में स्थित राजराजेश्वरी सेवा भारती न्यास द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में की जा रही गतिविधियों की सराहना की। उन्होंने राजराजेश्वरी सेवा भारती न्यास द्वारा प्रारंभ 'कुपोषण मुक्त भारत अभियान' के तहत संचालित मातृ एवं शिशु आरोग्य केंद्र का निरीक्षण किया और वहां उपस्थित गर्भवती व धात्री महिलाओं को पोषण आहार सामग्री वितरित की। उन्होंने उपस्थित महिलाओं से चर्चा कर आरोग्य केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राजराजेश्वरी सेवा भारती न्यास द्वारा निर्मित कराए जा रहे वेद विद्यालय के निर्माणाधीन भवन का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में कन्या-पूजन कर बालिकाओं को उपहार प्रदान किये। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष श्रीमती नन्दा ब्राह्मणे, बड़वाह विधायक सचिन बिरला, खंडवा विधायक श्रीमती कंचन मुकेश तन्वे, मांधाता विधायक नारायण पटेल, खंडवा महापौर श्रीमती अमृता अमर यादव, बड़वाह नगर पालिका अध्यक्ष राकेश गुप्ता, बड़वाह नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश जायसवाल के साथ ही खरगोन जिला उपाध्यक्ष डॉ. शंभूसिंह मनहर, श्रीमती प्रभा राठौड़, श्रीमती शालिनी रतोरिया,, जितेंद्र सुराना, मांगीलाल गाडग़े, प्रभात कैलाश पंडित, महामंत्री विवेक भटोरे, हरेसिंह चावड़ा और श्रीमती अमिता मंत्री, श्रीमती शिंधु जोशी, सचिन सगर, पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय सहित अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे।

